

# ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने भारत को 19 रनों से हराया



**कैनबरा, 19 फरवरी जॉर्जिया वॉल ( 88 ), बेथ मूनी ( 46 ) की शानदार पारियों के बाद किम गार्थ और एश्ले गार्डनर ( तीन-तीन विकेट ) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने गुरुवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में भारत को 19 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है.**

जॉर्जिया वॉल को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला. 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 57 रन जोड़े. सातवें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने शेफाली वर्मा को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा. शेफाली वर्मा ने 23 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 29 रन बनाये. नौवें ओवर में किम गार्थ ने स्मृति मंधाना को आउट कर भारत को दूसरा झटका दिया. स्मृति मंधाना ने 24 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 31 रनों की पारी खेली. 17वें ओवर में किम गार्थ ने तेजी के साथ रन बना रही भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को आउटकर पवेलियन भेज दिया. हरमनप्रीत कौर ने 30 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 36 रन बनाये. अगले ही ओवर में एश्ले गार्डनर ने ऋचा घोष (19) का शिकार कर भारत को पांचवां झटका दिया. इसी ओवर में गार्डनर ने दीप्ति शर्मा (शून्य) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को छठी सफलता दिलाई. अमनजोत कौर (तीन) और अरुंधति रेड्डी (दो) को ऐनाबेल सदरलैंड ने 19वें ओवर में आउट किया. एक समय 17 ओवर में 126 रन बनाकर जीत की ओर बढ़ रही भारतीय टीम आखिरी ओवरों में लड़खड़ा गई और विकेट गंवाती चली गई.



## लद्दाख मैराथन 2026 के लिए पंजीकरण शुरू

**नयी दिल्ली.** दुनिया की सबसे ऊंची एम्स-सर्टिफाइड लद्दाख मैराथन 2026 के 13वें संस्करण के लिए गुरुवार से पंजीकरण शुरु हो गया है. यह मैराथन 10 से 13 सितंबर तक लद्दाख के ऊबड़-खाबड़ इलाकों में आयोजित होगी. इसमें क्यूरेटेड सिल्क रूट अल्ट्रा (122किमी) और खारदुंग ला चैलेंजर (72किमी) अल्ट्रा रेस शामिल हैं. दो अल्ट्रा के अलावा, इस स्पर्धा में मैराथन (42किमी), हाफ मैराथन (21किमी), 11.2 किमी रन और 5 किमी रन फॉर फन शामिल होंगे. 5 किमी के लिए उम्र 12 साल से लेकर सिल्क रूट अल्ट्रा के लिए 24 साल तक है, जिसकी गणना 13 सितंबर 2026 के हिसाब से की जाएगी. सभी टाइम वाली दौड़ के लिए तय समय में क्वालिफाइंग करना होगा.

# वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रनों से हराया

**कोलकाता, 19 फरवरी शाई होप ( 75 ) की आतिशी अर्धशतकीय पारी के बाद शमार जोसेफ ( चार विकेट ) और मैथ्यू फोर्ड ( तीन विकेट ) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के 37वें मुकाबले में इटली को 42 रनों से शिकस्त दी.**

166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली के बल्लेबाज वेस्टइंडीज गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुलकर नहीं खेल सके और अंतराल पर विकेट गंवाते रहे. इटली की पूरी टीम 18 ओवर में 123 रन ही बना सकी और 42 रनों से मुकाबला हार गई. बेंजमिन मनेंटी ने इटली के लिए सर्वाधिक 26 रन बनाये. उनके अलावा जे जे स्मट्स (24), एंथनी मोस्का (19) और ग्रांट स्टुअर्ट 12 रन बनाकर आउट हुये. इटली के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके. वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफ ने चार विकेट लिये. मैथ्यू फोर्ड को तीन और गुडाकेश मोती को दो विकेट मिले. अकील हुसैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया.

इससे पहले इटली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप की आतिशी अर्धशकीय पारी की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 165 रनों का स्कोर खड़ा किया. वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने 31 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिये. ब्रैंडन किंग (चार), शिमरॉन हेटमायर (एक) रन बनाकर आउट हुये. इसके बाद रॉस्टन चेज ने शाई होप के साथ पारी को संभाला. दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिये 64 रनों की साझेदारी हुई. 13वें ओवर में बेंजामिन मनेंटी ने रॉस्टन चेज 24 को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा. रोवमन पॉवेल (नौ) को 15वें ओवर में मनेंटी ने अपना शिकार बनाया. अगले ही ओवर में कृषण कालूगामगे ने शाई होप को



> शरफेन रदरफोर्ड ने 15 गेंदों में दो चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 24 रन बनाये. मैथ्यू फोर्ड 16 रन बनाकर नाबाद रहे. इटली के लिए बेंजामिन मनेंटी और कृषण कालूगामगे ने दो-दो विकेट लिये. थोमस ड्रेका और अली हसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया.

## एक नजर में



### महमूदुल हसन को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिला

**ढाका.** टेस्ट ओपनर महमूदुल हसन जॉय कट में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं, जबकि बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को अपनी 28 सदस्यों वाली पुरुषों की नेशनल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट की घोषणा की. क्रिकबज़ ने पहले बताया था कि नेशनल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में कोई ए प्लस कैटेगरी नहीं होगी, और बीसीबी ने लिस्ट की घोषणा करके इसकी पुष्टि की, जिसमें खिलाड़ियों को चार सैलरी ब्रैकेट में बांटा गया था. चार क्रिकेटर - नजमुल हुसैन शान्तो, मेहदी हसन मिराज, लिटन कुमार दास और तस्कीन अहमद - को ग्रेड ए में रखा गया है, जहां उन्हें हर महीने 800,000 बंगलादेशी टका मिलेंगे. अनुभवी बैट्समैन मुशफिकुर रहीम के साथ मोमिनुल हक, तैजुल इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान, तौहीद हृदय, शादमान इस्लाम, तंजीद हसन तमीम, रिशाद हुसैन, मेहेदी हसन, हसन महमूद और नाहिद राणा को ग्रेड बी में रखा गया है, जिससे उन्हें हर महीने 600,000 बंगलादेशी टका मिलेंगे.

### रिधिमा ने छह शॉट के अंतर से जीता चौथा लेग



**पुणे.** रिधिमा दिलावरी ने पूना क्लब गोल्फ कोर्स में हीरो विमेंस प्रो गोल्फ टूर के चौथे लेग में शानदार बोगी फ्री थ्री अंडर 68 का स्कोर बनाकर अपनी मुख्य प्रतिद्वंद्वी वाणी कपूर और त्वेसा मलिक को काफी पीछे छोड़ दिया. इस सीजन में चार स्टार्ट में रिधिमा की यह दूसरी जीत थी, और वह एक बार रनर-अप भी रहीं. इससे उन्हें हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में टॉप पर अपनी जगह मजबूत करने में मदद मिली. रिधिमा ने 68 का कार्ड बनाया और तीन दिनों तक कुल 3-अंडर 208 का स्कोर किया और वाणी कपूर (75) से छह शॉट आगे रहीं, जो 3-ओवर 214 पर थीं. एमेच्योर अनुराधा चौधरी (69) वाणी के साथ दूसरे नंबर पर रहीं, जबकि त्वेसा मलिक (76) 215 पर चौथे नंबर पर आ गईं. रिधिमा ने चार पार के साथ बहुत अच्छी शुरुआत की, भले ही वाणी कपूर ने बोगी-डबल बोगी-बोगी की शुरुआत की और त्वेसा ने दूसरे में डबल बोगी और तीसरे में बोगी की. इससे रिधिमा जीत की राह पर चल पड़ीं और उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. पांचवें और नौवें होल पर बर्डी और बीच में पार के साथ रिधिमा 2-अंडर पर आ गईं और पिछले नौ होल पर उन्होंने 12वें होल पर बर्डी की और बाकी में पार किया.



### हुबली में होगा रणजी ट्रॉफी का फाइनल

**हुबली.** रणजी ट्रॉफी का फाइनल कर्नाटक के हुबली में खेला जाएगा. बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया ( बीसीसीआई ) ने अभी तक वेन्यू की ऑफिशियल घोषणा नहीं की है, लेकिन क्रिकबज को बीसीसीआई के सूत्रों से पता चला है कि उत्तरी कर्नाटक के इस शहर को इस बड़े घरेलू मैच के लिए चुना गया है. फाइनल 24 फरवरी से कर्नाटक और जम्मू और कश्मीर के बीच खेला जाएगा. वेन्यू की ऑफिशियल पुष्टि दिन के आखिर तक होने की उम्मीद है. जैसा कि उम्मीद थी, फाइनल के लिए लाइन-अप गुरुवार शाम को ही कन्फर्म हुआ, जब कर्नाटक ने उत्तराखंड के साथ ड्रॉ खेला, लेकिन पहली इनिंग की लीड के आधार पर आगे बढ़ गया. इस बीच, जम्मू और कश्मीर ने एक दिन पहले बुधवार को कल्याणी में बंगाल को छह विकेट से हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाई थी. यह 91वां रणजी ट्रॉफी फाइनल होगा और कर्नाटक 15 बार फाइनल मुकाबले में शामिल हो चुका है, जिसमें से उसने आठ बार ट्रॉफी जीती है. पिछली बार उन्होंने 2015 में रणजी फाइनल खेला था, जब उन्होंने तमिलनाडु को हराया था. कर्नाटक ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ अपने सभी चार हेड-टू-हेड मुकाबले जीते हैं - उनकी आखिरी मुलाकात 2022 में चेन्नई में हुई थी.



## खो-खो कोचिंग शिविर का आगाज़

**नयी दिल्ली/ गांधीनगर (गुजरात), 19 फरवरी.** अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की तैयारी के लिए खो-खो के राष्ट्रीय कोचिंग शिविर का आयोजन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ( साई ) के गांधीनगर क्षेत्रीय केंद्र में 17 फरवरी से नौ मार्च तक किया जा रहा है. खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) द्वारा आयोजित इस शिविर में देशभर से लगभग 89 खिलाड़ी और 14 कोच एवं सहयोगी स्टाफ भाग ले रहे हैं. शिविर को लेकर खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) ने अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, ' खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए सर्वोत्तम प्रशिक्षण सुविधाएं, पोषण, परामर्श और फिजियोथेरेपी आदि की व्यवस्था की गई है. खो-खो एक आधुनिक खेल है, जो स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए अत्याधुनिक मैट पर खेला जाता है और इसके हर पहलू में खेल विज्ञान के तत्व शामिल हैं.

# सम्मान बचाने की लड़ाई लड़ेगा ऑस्ट्रेलिया

## पल्लेकेले में ऑस्ट्रेलिया-ओमान भिड़ेंगे



**पल्लेकेले, 19 फरवरी ऑस्ट्रेलिया और ओमान टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 40वें मैच में पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भिड़ेंगे. यह एक ऐसा मुकाबला है जिसमें रोमांच की उम्मीद है, भले ही दोनों टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं.**

ऑस्ट्रेलिया अपने वर्ल्ड कप कैंपेन को शानदार तरीके से खत्म करना चाहता है और ओमान लगभग नामुमकिन उलटफेर की कोशिश में है, ऐसे में दबदबा गर्व, वापसी और अपनी बड़ाई करने का है. ऑस्ट्रेलिया इस मैच में निराशा से निकलने और पक्के इरादे के साथ उतरेगा. आयरलैंड के खिलाफ अच्छी शुरुआत के बाद, जिम्बाब्वे और श्रीलंका से लगातार हार ने टूर्नामेंट में उनकी उम्मीदें खत्म कर दीं.

धीमी, मुश्किल पिचों पर बैटिंग करना मुश्किल रहा है, लेकिन ट्रैविस हेड और मिशेल मार्श जैसे खिलाड़ियों ने फॉर्म में होने पर हावी होने की काबिलियत दिखाई है. पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में, हेड और मार्श ने मिलकर सिर्फ 8.4 ओवर में 104 रन बनाए, जिससे पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया की धमाकेदार काबिलियत का पता चलता है.

> मिडिल ऑर्डर में टिम डेविड, मार्कस स्टोइनिस, कैमरन ग्रीन और जोश इंगलिस हैं, और उनके पास बाद के ओवरों में तेज़ी से रन बनाने की ताकत है. जोश हेजलवुड और पैट कमिंस के चोटिल होने की वजह से बॉलिंग चिंता का विषय रही है, लेकिन नाथन एलिस, ज़ेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली और स्टोइनिस से ओमान की बैटिंग को झकझोरने की उम्मीद है. बीच के ओवरों में एडम जम्पा की स्पिन गेम को कंट्रोल करने के लिए जरूरी होगी .ओमान का टूर्नामेंट मुश्किल रहा है, ज़्यादातर मैचों में उसे भारी हार मिली है और वह ग्रुप बी में चौथे स्थान पर रहा है. उनकी बैटिंग काफ़ी हद तक कप्तान जतिंदर सिंह और आमिर कलीम पर निर्भर करती है, जो एक अलग तरह के लाइनअप में शानदार परफ़ॉर्मर रहे हैं.

# रेवती की नजरें आने वाले फ्रेंच ओपन पर



**बेंगलुरु, 19 फरवरी माया राजेश्वरन रेवती आने वाले फ्रेंच ओपन में सफलता पर नजर गड़ाए हुए हैं, क्योंकि 16 साल की यह खिलाड़ी केपीबी ट्रस्ट आईटीएफ विमेंस ओपन डब्ल्यू100 बेंगलुरु 2026 में कॉम्पिटिटिव प्रदर्शन के बाद इंटरनेशनल सर्किट पर अपनी लगातार बढ़त बनाए हुए है.**

उन्होंने कहा, 'राफा नडाल एकेडमी का माहौल बहुत अच्छा है क्योंकि आप एथलीटों से घिरे रहते हैं, और मैं वहीं पढ़ती भी हूँ. यह मेरे लिए दूसरा घर बन गया है. अब मैं फ्रेंच ओपन आने के साथ क्ले कोर्ट पर ज़्यादा खेलना चाहूँगी. मेरा अभी का मकसद जूनियर ग्रैंड स्लैम में अच्छा करना है. 'कोयंबटूर की इस युवा खिलाड़ी को सिंगल्स मेन ड्रॉ के शुरुआती राउंड में पाँचवीं सीड पोलिना इयाटेंको से तीन सेट में करीबी हार का सामना करना पड़ा. लेकिन, उन्होंने डबल्स कॉम्पिटिशन में ज़बरदस्त वापसी की, और हमवतन और करीबी दोस्त श्रीवल्ली रश्मिका भामिदिपति के साथ मिलकर एक ऑल-इंडियन जोड़ी को हराकर क्वार्टर फ़ाइनल में पहुँच गईं. मुंबई और पुणे में खेलने के बाद बेंगलुरु इवेंट में आकर, माया को ऊँची रैंक वाली टीमों के खिलाफ़ अच्छा अनुभव मिल रहा है. भारत में मज़बूत ग्रासरूट ट्रेनिंग और राफ़ा नडाल एकेडमी में एडवांस तैयारी से उनकी ग्रोथ हुई है, जहाँ वह ट्रेनिंग और पढ़ाई करती हैं. अपने सफ़र के बारे में बताते हुए, माया ने कहा कि उन्होंने 10 साल की उम्र में टेनिस को गंभीरता से लेना शुरू कर दिया था. एक बड़ी सफलता तब मिली जब उन्होंने 2022 में अंडर-12 नेशनल्स जीता, इस जीत को वह आँखें खोलने वाली जीत बताती हैं.



## रणजी ट्रॉफी : खिताबी मुकाबले में जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगा कर्नाटक

**लखनऊ, 19 फरवरी देवदत्त पड़िक्कल, केएल राहुल, आर स्मरण के शानदार शतकों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत कर्नाटक का उत्तराखंड के खिलाफ खेला गया रणजी ट्रॉफी 2026 का 15 फरवरी को शुरु हुआ पहला सेमीफाइनल मुकाबला गुरुवार को ड्रा घोषित हुआ.**

दिन को खेल समाप्त होने किये जाने के समय उत्तराखंड ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 260 रन बना लिये थे. कर्नाटक अब खिताबी मुकाबले में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगा. देवदत्त पड़िक्कल को दोहरे शतक के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया. कर्नाटक ने कल के छह विकेट पर 299 रनों से आगे खेलना शुरु किया. सुबह के सत्र में उत्तराखंड के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करे हुए कर्नाटक की दूसरी पर को 323 के स्कोर पर समेट दिया. इसके बाद उत्तराखंड को मैच जीतने के लिए 827 रनों लक्ष्य मिला.

**प्रतिस्पर्धा** खेलो भारत नीति का लक्ष्य आर्थिक विकास के लिए खेलों का उपयोग करना और पर्यटन को बढ़ावा देना

# केआईडब्ल्यूजी खेल सोमवार से गुलमर्ग मे होंगे शुरु



**गुलमर्ग, 19 फरवरी खेलो इंडिया शीतकालीन खेल ( केआईडब्ल्यूजी ) 2026 के सोमवार से शुरु हो रहे चरण में विंटर ओलंपियन्स सहित देश के शीर्ष स्कीयर प्रतिस्पर्धा करेंगे.**

गुलमर्ग में 23 से 26 फरवरी तक होने वाले 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स के छठे संस्करण का आयोजन पिछले साल जुलाई में केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा शुरू की गई 'खेलो भारत नीति' की जमीनी सफलता को प्रदर्शित करेगा. मंत्रालय बुनियादी ढांचे में सुधार, प्रतिभा की पहचान और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के अलावा, खेलो भारत नीति का लक्ष्य आर्थिक विकास के लिए खेलों का उपयोग करना और पर्यटन, विनिर्माण एवं खेल तकनीक जैसे उद्योगों को बढ़ावा दे रहा है. यदि फरवरी के तीसरे सप्ताह में पर्यटकों की बढ़ती संख्या कोई संकेत है, तो ये खेल जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था के सबसे बड़े आधारों में से एक 'स्पोर्ट्स पर्यटन' लिए बड़ी खुशी लेकर आए हैं.

स्थानीय व्यवसायी भी शीतकालीन खेल के इस भव्य आयोजन के लिए तैयारी कर रहे हैं.

शीन वुड्स, टंगमर्ग के एक होटल व्यवसायी अबीद कहते हैं कि बुकिंग हफ्ते पहले ही बढ़ गई थी. वे कहते हैं, 'हमारे लिए यह सिर्फ पर्यटन से कहीं बढ़कर है. यह हमारी पहचान है. जब ये खेल होते हैं, तो गुलमर्ग देश के दिल जैसा महसूस होता है,' और वे मध्य प्रदेश, हरियाणा, केरल, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर के एथलीटों से भरी अपनी लॉबी की ओर इशारा करते हैं. वे कहते हैं, 'नाश्ते के समय आपको अलग-अलग भाषाएं सुनने को मिलती हैं. ऐसा लगता है जैसे एक ही कमरे में पूरा देश समा गया हो.'

> अब, जैसे-जैसे केआईडब्ल्यूजी का छठा संस्करण करीब आ रहा है, ध्यान नई चीजों को आजमाने के बजाय एक स्थायी विरासत बनाने पर केंद्रित हो गया है. पर्यटन विभाग के अनुसार, गुलमर्ग के होटलों और हट्स में 2300 बेड उपलब्ध हैं. एक अधिकारी ने कहा कि होटल और गेस्ट हाउस मालिकों को खेलों से पहले ही एडवांस बुकिंग मिल रही है और आयोजन के दिनों के दौरान 50 प्रतिशत से अधिक बेड पहले ही बुक हो चुके हैं. गुलमर्ग में पदक की चार स्पर्धाएं होंगी: स्की माउंटेनियरिंग, अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग (क्रॉस-कंट्री) और स्नोबोर्डिंग.